संडे राष्ट्रीय सहारा
नई दिल्ली
14 मई • 2023

छात्रों ने स्कूल का नाम किया रोशन : रूमा पाठक

नई दिल्ली (एसएनबी)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के 12वीं व 10वीं के आए परिणाम में पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल के छात्रों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। स्कूल की प्रधानाचार्या रूमा पाठक ने बताया कि हमारे छात्रों ने परीक्षा में बेहतर परिणाम दिए हैं। 12वीं कक्षा में कामाक्षी गर्ग और मानसी जमवाल ने विज्ञान वर्ग में 96 प्रतिशत, द्वितीय आर्यन शिवदसानी ने कला वर्ग में 94 और तृतीय वाणिज्य वर्ग में अदिति ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। तीन छात्रों ने गणित में 99, पांच छात्रों ने केमिस्ट्री, फिजिक्स और इंग्लिश में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। पांच छात्रों ने इंजीनियरिंग ग्राफिक्स, फिजिकल एजुकेशन, पॉलीटिकल साइंस और कम्प्यूटर साइंस में 97, पांच छात्रों ने इंफॉर्मेशन प्रैक्टिस, अकाउंटेसी, बायोलॉजी और इकोनॉमिक्स में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

■ विश्व भारती पब्लिक स्कूल के 10वीं के छात्र अभिनंदन ने प्राप्त किए 99.20 प्रतिशत अंक

■ मयूर पब्लिक स्कूल की छात्रा अराधना अय्यर ने प्राप्त किए 99.7 प्रतिशत अंक

उन्होंने बताया कि 10वीं में भी छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इसमें प्रथम विधि भटनागर 97 प्रतिशत, द्वितीय सलोनी प्रजापति 95.8 व तृतीय शेफाली दुआ और मयंक ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। स्कूल के 105 छात्रों ने भाग लिया और विभिन्न विषयों में 287 डिस्टिंक्शन प्राप्त की। विश्व भारती पब्लिक स्कूल के 10वीं के छात्र अभिनंदन मिश्रा ने कुल 99.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। अभिनंदन ने संस्कृत, अंग्रेजी तथा सोशल साइंस में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

सीबीएसई की 10वीं व 12वीं परीक्षा में मयूर पब्लिक स्कूल, आईपी एक्सटेंशन ने एक बार फिर से बाजी मारी। स्कूल की प्रधानाचार्या स्वाति वर्मा ने बताया कि दसवीं कक्षा में अराधना अय्यर 99.7 प्रतिशत, प्रियानी 97.8 व दृष्टि दंद्रियल ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है।